महत्वपूर्ण एवं खास

आईपीएल आनलाईन खिलाने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

कोण्डागांव (आरएनएस)। जिला में आईपीएल क्रिकेट मैच में ऑन लाइन सट्टा दिल्ली और रायल चैलेंजर बेंगलोर के मध्य मैच चल रहा था, मुखबिर की सूचना से मिली कि मन्नु लाल सोरी पिता चितुराम सोरी जाति मुरिया निवासी भीरागांव व स्कूलपारा जो कोण्डागांव के मर्दापाल चौक संजय हेयर कटिंग दुकान के सामने आनलाईन सट्टा खेला रहा है कि सूचना पर रेड कार्यवाही कर आरोपी मन्नुलाल सोरी को आनलाईन सट्टा खिलते पकड़ा गया। पुछताछ कर आरोपी ने आनलाईन साईट के माध्यम से आईपीएल सटटा खिलना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से तकरीबन एक लाख रूपये की सट्टा-पट्टी एक नग रियलमी मोबाईल, नगदी रकम 5200 रूपये जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध संशोधित छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6,7 के तहत कार्यवाही करते हुये गैर जमानतीय होने से थाना कोंडागांव में अप. क्र.124 / 2023 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6, 7 अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा ऑनलाईन सटटा खेलाने वाले पर लगातार कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया है।

छत्तीसगढ़ कान्ट्रेक्टर्स एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक आज

रायपुर (आरएनएस)। सीजी कान्ट्रेक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेश शुक्ला ने कल 17 अप्रैल को दोपहर 2:00 बजे प्रदेश के सभी ठेकेदारों को उपस्थित होने हेतु संदेश भेजा है। नौ सूत्रीय मांग वर्षों से लंबित अध्यक्ष ने बताया कि 9 सूत्री मांगों को लेकर पूर्व में जो आंदोलन, धरना प्रदर्शन और निविदाओं का बहिष्कार, प्रदेश के सभी ठेकेदारों द्वारा संगठित होकर किया गया था किन्तु शासन-प्रशासन के आश्वासन से आंदोलन स्थगित किया गया था। प्रशासन द्वारा प्रदत्त कार्यालय में मुख्य अभियंता ने लगाया ताला ठेकेदारों के मान सम्मान को संज्ञान में रखते हुए पूर्व में प्रशासन के द्वारा प्रदेश कार्यालय स्थल प्रदान किया गया था, जिसे कुछ समय पूर्व मुख्य अभियंता रायपुर के द्वारा द्वेष पूर्वक बंद करा दिया गया है। समस्याएं यथाव उक्त सभी समस्याओं को लेकर बैठक बुलाई गई हैं, सभी मांगों को लेकर प्रमुख अभियंता कार्यालय निर्माण भवन नवा रायपुर अटल नगर जाना है। ठेकेदारों से अनुरोध किया गया है कि समय पर उपस्थित हों और बैठक को सफल बनाएं, बैठक सिरपुर भवन सिविल लाइन रायपुर में होना सुनिश्चित किया गया है।

उच्च शिक्षा संचालनालय ने शिल्पकार को सम्मानित किया

अंडा (आरएनएस)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशाषी महाविद्यालय, दुर्ग के, इतिहास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ की विलुप्तप्राय मटपरई शिल्पकला का दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला लगाया गया है।,जहाँ विद्यार्थियों के प्रशिक्षण मटपरई शिल्पकार अभिषेक सपन द्वारा दिया गया । इतिहास विभाग द्वारा मटपरई शिल्पकला कार्यशाला के साथ, बांस शिल्पकला(प्रशिक्षक रामकुमार पटेल),प्रतिकृति शिल्पकला कार्यशाला का सम्मापन समारोह 13अप्रैल को किया गया। जहां सभी शिल्पकारों को उच्च शिक्षा संचालनालय आयुक्त डॉ.श्री मति शारदा वर्मा,प्रिंसिपल डॉ. मान आर.एन सिंग,इतिहास विभाग के प्रमुख डॉ.श्री मान अनिल कुमार पांडेय,प्रोफेसर डॉ.श्री मति काजल अग्रवाल, डॉ.श्री मति ज्योति धारकर के द्वारा,प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया। बता दे की अभिषेक सपन ग्राम -डुमरडीह(उतई) जिला (दुर्ग)के युवा शिल्पकार है। जिन्होंने छत्तीसगढ़ की विलुप्तप्राय मटपरई शिल्पकला को निरंतर 11 वर्षो से बना रहे है। व मटपरई कला बनाने वाले एक मात्र कलाकार है। इस कला के माध्यम से कई ईनाम जीते है ।मटपरई शिल्पकला की जानकारी हमे छत्तीसगढ़ शब्दकोश से मिलती है। जहां मट का अर्थ मिट्टी व परई का अर्थ कागज व खल्ली की लुगदी से है। सभी को वस्तुओं सड़ा कर बनाई गई कला कृति मटपरई शिल्पकला कहलाती है।

हाथी प्रभावित क्षेत्रों में सौर उर्जा संचालित लगाई गई हाई मास्क लाईट : हाथी के भय से मिली ग्रामीणों को निजात

❐ ग्रामीणों ने कहा हाई मास्क लाइट के लगने से जान व माल की सुरक्षा में यह प्रकाश व्यवस्था अहम कड़ी होगी साबित

बालोद (आरएनएस)। जिले के बालोद विकासखण्ड के अनेक ग्राम पंचायतों में लम्बे अरसे से समय-समय पर जंगली हाथियों की धमक होती रही है। देवारभाट, तालगांव, मटिया बी, मुल्लेगुड़ा, नर्रा एवं इनके 12 से अधिक आश्रित ग्राम, पारा, टोला में जंगली क्षेत्र से हाथियों का दल भोजन पानी की तलाश में बस्तियों के निकट वक्त बेवक्त आ जाते थे एवं खेत जलाशय, घरों, मुहल्लों, बाड़ी को नुकसान पहुॅचाने के साथ, जान व माल की नुकसान होता है जिससे यहॉ सामान्य जनजीवन के समक्ष एक कठिन चुनौती उत्पन्न हो रही थी।

हाथियों की यह समस्या तब और विकराल रूप ले रही थी जब हाथी दल की धमक अंधेरे में हो इस डर के कारण इन क्षेत्रों में ग्रामीण अंधेरा होने के बाद किसी भी कार्य हेतु घर से बाहर जाने से भयभीत होते व बचते थे। ग्रामीणों के द्वारा समय-समय पर शासन-प्रशासन वन विभाग एवं जन प्रतिनिधियों के समक्ष लम्बे समय से इस समस्या के निदान हेतु हाथी प्रभावित इन क्षेत्रों में रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था की मांग उठती रहती है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जिले के प्रवास व क्षेत्रीय कार्यक्रमों में भी आमजनों के द्वारा इस समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। मुख्यमंत्री के द्वारा इसके निराकरण हेतु आश्वासन व प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिये गये थे। जिसके परिपालन में कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा पूरे संवेदनशीलता व तत्परता से समस्त हाथी प्रभावित ग्रामों, पारा टोला में जिला खनिज न्यास निधी योजना से सौर उर्जा संचालित हाई मास्क लाईट स्थापना प्रमुख चिन्हाकित स्थानों पर की गई जिससे अब वहां अंधेरे के समय में हाथी आतंक से निर्मित होने वाले भय के वातावरण से निजात मिली एवं जान व माल की सुरक्षा में यह प्रकाश व्यवस्था अहम कड़ी साबित हुई । शासन एवं प्रशासन की इस प्रकार की सजगता संवेदनशीलता व तत्परता निश्चित तौर पर एक अत्यंत सराहनीय पहल है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री की पहल पर हाथी प्रभावित क्षेत्रों में सोलर लाईट लगने पर उनके प्रति धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

सरपंच ग्राम पंचायत मुल्लेगुड़ा के सरपंच जितेन्द्र कुमार पटेल ने बताया की हाथियों के विचरण से ग्रामीणों में भय का माहौल था परंतु अब रात्रि व भोर में ग्रामीण भय मुक्त होकर दैनिक क्रियाकलाप कर पाते हैं निश्चित तौर पर यह सराहनीय प्रयास है। इसी प्रकार ग्रामीण संतोष मांडवी, कमल सिंह गोटा, छेडिया बाई निषाद ने बताया की हमारा गांव दुरस्थ वनांचल में स्थित है, हमारी समस्याओं को समझकर त्वरित रूप से प्रकाश व्यवस्था करके प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल एवम जिला प्रशासन बालोद ने संवेनशीलता का परिचय दिया हम सब बहुत खुश है और उन्हें धन्यवाद देतें है।

बजाज फाइनेंस के नाम पर दुर्ग के किसान को लगाया लाखों का चूना, नवादा बिहार से शातिर ठग गिरफ्तार

भिलाई (आरएनएस)। दुर्ग पुलिस ने बिहार के नवादा व झारखंड के नवादा से शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी नवादा बिहार का है जो बजाज फायनेंस के नाम पर लोन का झांसा देकर ठगी करता था। इस मामले में ग्राम माईखैरा जिला नवादा निवासी राधेश्याम कुमार को गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ ग्राम चंगोरी निवासी किसान झुम्मन लाल निषाद ने अंजोरा चौकी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। शनिवार को एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने इस मामले का खुलासा किया है।

शिकायत में उन्होंने बताया कि किराना दुकान के लिए लोन चाहिए था। फेसबुक पर बजाज फाइनेंस का विज्ञापन देखकर कॉल किया तो सामने वाले ने अपना नाम संजीव कुमार बजाज फायनेंस का कर्मचारी होना बताया। उसने 24 घंटे में लोन पास होने का दावा किया और आधार व पैन के साथ अन्य दस्तावेज वाट्सएप के जरिए भेजने कहा। इसके बाद प्रोसेसिंग चार्ज, बीमा चार्ज, इनकम टेक्स चार्ज सहित कई तरह चार्ज बताकर बार बार पैसे जमा करवाए। इस तरह से ठग ने किसान से 8 लाख 1 हजार 465 जमा करवा लिए। इस मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया गया।

पुलिस ने आरोपी के मोबाइल नंबर व ट्रांजेक्शन के लिए इस्तेमाल खातों की के दौरान पैसों के ट्रांजेक्शन के लिए उपयोग में लाये गये बैंक खातों जांच की। इससे पता चला कि आरोपी ग्राम माईखेरा थाना वारसलीगंज जिला नवादा बिहार का है। इसके बाद पुलिस की एक टीम ग्राम माईखेरा पहुंची। यहां पर पुलिस को राधेश्याम कुमार के बारे में पता चला जिसने इस ठगी को अंजाम दिया। इसके बाद लोकल पुलिस की सहायता से राधेश्याम को गिरफ्तार कर लाया गया।

बेहतर होगी शहर की सफाई व्यवस्था, मुख्यमंत्री देंगे 84 नए सफाई वाहनों की सौगात

रायपुर (आरएनएस)। उत्तर रायपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित होने वाले भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान 17 अप्रैल को रायपुर शहर को 84 नए सफाई वाहनों की बड़ी खेप भी मिलेगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 10 करोड़ 12 लाख रूपए की लागत के इन छोटे-बड़े वाहनों का लोकार्पण करेंगे। इन वाहनों के नगर निगम के सफाई बेड़े में शामिल हो जाने से निगम क्षेत्र में कचरा और अन्य दूसरे अपशिष्टों को इक_ा करने, उनका परिवहन करने और उनका निष्पादन करने में बड़ी सहुलियत होगी। मुख्यमंत्री बघेल कल 30 हाइड्रोलिक टिपर, 20 मिनी टिपर, 07 यूटिलिटी विकल्प, 05 वैक्यूम सक्शन मशीन, 01 चैन माउंटेड डिगर, 10 तीन क्यूबिक मीटर के हाइड्रोलिक टिपर, 03 मिनी पोकलेन, 01 टैक्टर संचालित वाटर कैनन सिस्टम, 06 कैंफर और 01 बोलेरो वाहन नगर निगम रायपुर को सौपेंगे। मुख्यमंत्री बघेल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान ही शहर की 05 सडक़ों के सौंदर्यीकरण कार्यों का भी शुभारंभ करेंगे। लगभग 40 करोड़ रूपए की लागत से यह काम होगा। मुख्यमंत्री जी.ई रोड, वीआईपी रोड, बलौदाबाजार रोड, स्टेशन रोड और पचपेड़ी नाका रोड के सौंदर्यीकरण कार्यों की शुरूआत करेंगे। इसके साथ ही इन सडक़ों से जुडऩे वाली छोटी संपर्क सडक़ों का भी सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

40 करोड़ रूपए की लागत से 5 शहरी सड़कों का सौंदर्यीकरण का काम भी शुरू होगा

रायपुर (आरएनएस)। उत्तर रायपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित होने वाले भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान 17 अप्रैल को रायपुर शहर को 84 नए सफाई वाहनों की बड़ी खेप भी मिलेगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 10 करोड़ 12 लाख रूपए की लागत के इन छोटे-बड़े वाहनों का लोकार्पण करेंगे। इन वाहनों के नगर निगम के सफाई बेड़े में शामिल हो जाने से निगम क्षेत्र में कचरा और अन्य दूसरे अपशिष्टों को इक_ा करने, उनका परिवहन करने और उनका निष्पादन करने में बड़ी सहुलियत होगी। मुख्यमंत्री बघेल कल 30 हाइड्रोलिक टिपर, 20 मिनी टिपर, 07 यूटिलिटी विकल्प, 05 वैक्यूम सक्शन मशीन, 01 चैन माउंटेड डिगर, 10 तीन क्यूबिक मीटर के हाइड्रोलिक टिपर, 03 मिनी पोकलेन, 01 टैक्टर संचालित वाटर कैनन सिस्टम, 06 कैंफर और 01 बोलेरो वाहन नगर निगम रायपुर को सौपेंगे।

05 शहरी सडक़ों के सौंदर्यीकरण के काम की शुरूआत भी होगी

मुख्यमंत्री बघेल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान ही शहर की 05 सडक़ों के सौंदर्यीकरण कार्यों का भी शुभारंभ करेंगे। लगभग 40 करोड़ रूपए की लागत से यह काम होगा। मुख्यमंत्री जी.ई रोड, वीआईपी रोड, बलौदाबाजार रोड, स्टेशन रोड और पचपेड़ी नाका रोड के सौंदर्यीकरण कार्यों की शुरूआत करेंगे। इसके साथ ही इन सडक़ों से जुडऩे वाली छोटी संपर्क सडक़ों का भी सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ऑक्सीजोन में शहीद नंदकुमार की आदमकद प्रतिमा का करेंगे अनावरण

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 17 अप्रैल को शाम के समय राजधानी रायपुर के पंडरी ऑक्सीजोन में स्थापित शहीद नंदकुमार पटेल की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करेंगे। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा ऑक्सीजोन के समीप पंडरी में शहीद नंदकुमार पटेल की आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई है। पंचधातु से निर्मित 400 कि.ग्रा. वजनी इस प्रतिमा की ऊंचाई 9 फिट है। इस प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण हेतु आकर्षक रोशनी व्यवस्था के अलावा मिनी उद्यान भी तैयार किया गया है। बैठक व्यवस्था के साथ ही रेड सैण्ड स्टोन से इस स्थल को खूबसूरती दी गई है। इस कार्य की कुल लागत 80 लाख रूपए है।

बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी, मिलनसार व सामाजिक, राजनैतिक परिदृश्य में सदैव अपनी आभा बिखेरने वाले छत्तीसगढ़ के सपूत शहीद नंदकुमार पटेल जी का जन्म 08 नवंबर 1953 को रायगढ़ के ग्राम नंदेली में हुआ। मूलत: कृषक परिवार से ताल्लुक रखने वाले पटेल के मन, कर्म एवं वचन से ठेठ छत्तीसगढिय़ा संस्कारों की झलक साफ दिखाई देती थी। गांव को खुशहाली, तरक्की व संसाधनों से जोडऩे के उनके सद्प्रयासों की झलक न केवल उनके गांव नंदेली, बल्कि हर उस अंचल में दिखाई देती है, जहां पटेल अपने आत्मीय व्यवहार कुशलता के बीच पहुंचते रहे। गांव के सरपंच से केबिनेट मंत्री और अन्य सभी उच्च आसीन पदों को सुशोभित करते हुए, उन्होंने अपनी ईमानदारी, परिश्रम व सहजता से हमेशा पद का मान बढ़ाया।

पटेल खरसिया विधानसभा से 05 बार विधायक निर्वाचित हुए। अविभाजित मध्यप्रदेश के मंत्रीमंडल में आप सम्मानित सदस्य रहे एवं छत्तीसगढ़ गठन के उपरांत राज्य के प्रथम गृह मंत्री होने का गौरव आपको प्राप्त है। समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान का परम लक्ष्य लेकर पटेल सदैव राजनैतिक व सामाजिक रूप से अत्यधिक प्रतिष्ठित रहे। 25 मई 2013 को झीरम घाटी में हुए नक्सली हमले में पटेल शहीद हुए।

बेमौसम बारिश ने तेंदूपत्ते की खरीदी पर लगाया ग्रहण

❐ बाजार में बीड़ी के उपयोग में आई गिरावट से तेंदूपत्ता के नहीं मिल रहे हैं खरीददार

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर संभाग में इस वर्ष बेमौसम बारिश के कारण अब तक तेंदूपत्ते की खरीदी शुरू नहीं हो पायी है। हालांकि तेन्दूपत्ता खरीदी को लेकर फड़ मुंशियों को तैयार कर लिया गया है, वहीं तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार को खरीदी शुरू होने का इंतजार है। तेंदूपत्ता तोड़ाई शुरू होने के पहले ही लॉट की ऑनलाइन बिक्री शुरू कर दिया गया है। तेंदूपत्ता संग्राहक खरीदी शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। जैसे ही तेंदूपत्ता खरीदी शुरू होने के घोषणा होती है, ग्रामीणों के पूरे परिवार के साथ जंगल की ओर निकल पड़ते हैं। ग्रामीणों के लिए तेंदूपत्ता अतिरिक्त आय का माध्यम है। सरकार प्रति मानक बोरा 4000 रूपए की दर से संग्राहकों से तेन्दूपत्ता खरीदी करती है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीजापुर वन मंडल के तेन्दूपत्ता की चलिटी सबसे बेहतर होने के कारण हाथों हाथ बिक गया, जगदलपुर और सुकमा जिले में सबसे कम लॉट बिका है, ऐसे में इन लॉट की विभागीय स्तर पर खरीदी होगी। उल्लेखनीय है कि अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में बीड़ी का लोगों के द्वारा कम उपयोग होने के कारण तेन्दूपत्ता के उपयोग में आई गिरावट के कारण तेन्दूपत्ता के खरीददार नहीं मिल रहे हैं। बस्तर वन वृत्त के 119 लॉट में से अब तक 78 लॉट तेंदूपत्ता की अग्रिम बिक्री हो चुकी है। बीजापुर में 45 में 45, सुकमा में 48 में 16 और दंतेवाड़ा वन मंडल में 11 में 10लॉट की बिक्री हुई है। विभाग जिन लॉट की बिक्री नहीं हुई है, उन लॉट के लिए पुन: टेंडर जारी करेगा।

मल्टीलेवल पार्किंग में शुरू होगा बीपीओ सेंटर, मुख्यमंत्री करेंगे भूमिपूजन

❐ दस करोड़ रूपए की लागत से नगर निगम बनाएगा 500 सीटर बी.पी.ओ. सेंटर

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कल रायपुर शहर में 500 सीटर बीपीओ सेंटर स्थापित करने के लिए भूमिपूजन करेंगे। लगभग 10 करोड़ रूपए की लागत से यह बीपीओ सेंटर कलेक्टोरेट के सामने मल्टीलेवल पार्किंग के पाचवें तल पर शुरू होगा। मुख्यमंत्री बघेल की सोच के अनुरूप इस बी.पी.ओ. सेंटर की स्थापना रायपुर के युवाओं को उन्नत व आधुनिक सुविधाओं के जरिए आत्मनिर्भरता प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही है। इस बी.पी.ओ. के जरिए कॉल सेंटर कस्टमर सपोर्ट, सेल्स एंड मार्केटिंग, डाटा एंट्री, टेक्निकल सपोर्ट, चौट सपोर्ट, बैंक एंड फ्रंट ऑफिस वर्क, सोशल मीडिया हैण्डलिंग, डाटा एनालिसिस जैसे आउटसोर्सिंग व्यवसाय से युवा जुड़ सकेंगे। सूचना क्रांति के इस दौर में रायपुर में लम्बे समय से ऐसे आधुनिक बी.पी.ओ. सेंटर की आवश्यकता महसूस हो रही थी, जहां कार्य करते हुए कम लागत पर बेरोजगार व महाविद्यालयीन शिक्षा प्राप्त कर रहें युवाओं को पूरी दुनियां से जुडक़र अपने कौशल बढ़ाने का समुचित अवसर मिले। कोरोना काल में भी हर घर तक संदेशों को पहुंचाने के लिए ऐसे बीपीओ आधारित हाइटेक कॉल सेंटर की आवश्यकता शहर में महसूस की जा रही थी। रायपुर में इस तरह के कॉल सेंटर उपलब्ध नहीं होने के कारण यहां के युवाओं को इंदौर, बैंगलुरू जैसे अन्य महानगरों में जाकर रोजगार के अवसर तलाशने पड़ते थे। प्रतिस्पर्धा के दौर में सीमित संसाधनों के कारण यहां कें युवा रोजगार से वंचित हो जाते थे। अब रायपुर में बीपीओ सेंटर खुल जाने से ऐसे युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। सेंटर के मार्फत देश-विदेश की बड़ी कंपनियों और वाणिज्यिक सेवा संस्थानों से जुडक़र स्थानीय युवाओं की रोजगार और विकास में भागीदारी भी बढ़ेगी। इसके साथ ही नई तकनीकों के उपयोग से विभिन्न कंपनियों में संपर्क होने से युवाओं का संवाद कौशल भी बढ़ेगा, जिससे विकास के नए रास्ते खुलेंगे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सुकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU